हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जनवरी 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली



04 लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन व दाल बाटी …





07 मंदिरों में मत्था टेककर की नववर्ष की शुरुआत…




## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2600 | 3791 |
| गेहूं 1544 | 2290 | 2884 |
| चना | 4700 | 5401 |
| मसूर | 5200 | 5993 |
| सोयाबीन | 3200 | 4708 |
| सरसों | 4000 | 5800 |
| धान | 1800 | 4250 |
| मूंग | 6801 | 6801 |
| तेवड़ा | 0000 | 0000 |
| उड़द | 4600 | 4670 |
| तुअर | 0000 | 0000 |


## खबर संक्षेप

### घर-घर आमंत्रण देने अभियान किया शुरू

**विदिशा।** जिले में अयोध्या राम मंदिर से आए पूज्य अक्षत (पीले चावलों) को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा 1 जनवरी से 15 जनवरी तक समस्त हिंदू परिवारों को आमंत्रण स्वरूप बांटा जाएगा। अक्षत वितरण के लिए लगभग 220 टीमों का गठन विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिले में किया गया है। सभी टीमों ने 1 जनवरी से प्रत्येक हिंदू परिवार में पीले चावल देना शुरू कर दिया है। आव्हान किया जा रहा है की सभी हिंदू राम मंदिर दर्शन करने अयोध्या धाम अवश्य जाएं। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोगों से अपने घर में पांच दीपक जलाने एवं घर के सामने रंगोली व लाइटिंग इत्यादि करने का आग्रह सभी से किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभारी चंद्रभानसिंह बघेल ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन दिवाली जैसा वातावरण 22 जनवरी को रहने वाला है।

### बैंक ऑफ अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट बने रोचक

**विदिशा।** रिटायर्ड बैंक मैनेजर राजेंद्र कुमार जैन एवं जैन पीजी कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर शोभा जैन के पुत्र रोचक जैन को बैंक ऑफ अमेरिका के इंवेस्टमेंट विभाग में बैंक मुख्यालय पालो अल्टो ( सेंफ्रांसिस्को ) में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर पदस्थ किया गया है। रोचक जैन इस पद पर पहुंचने वाले विदिशा के प्रथम व्यक्ति हैं। परिवार के लोग, मित्रों शुभचिंतकों ने उन्हे बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



### दो सब इंस्पेक्टर बने कार्यवाहक निरीक्षक

**विदिशा।** दो सब इंस्पेक्टर वंदना मिश्रा और विमलेश राय को पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद पदोन्नति करते हुए कार्यवाहक निरीक्षक बनाया गया है। एसपी दीपक शुक्ला द्वारा एसपी कार्यालय में सोमवार को उनकी वर्दी पर दो-दो सितारों की वजह तीन-तीन सितारे लगाए गय। इस दौरान जिले के अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।



## समस्या: समय पर नहीं पहुंच पाए अपडाउनर्स, यात्री भी हुए परेशान

# हिट एंड रन कानून का विरोध, ड्राइवरों की हड़ताल से बसों के पहिए थमे, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को ड्राइवरों ने प्रदर्शन कर इस कानून का विरोध किया। वहीं कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर कानून को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है की एक्सीडेंट होने पर चालक पर 7 लाख का जुर्माना और 10 साल की सजा के प्रावधान का नियम सरासर गलत है। सोमवार को बस, ट्रक, डंपर चालकों के साथ-साथ टैक्सी चालकों ने भी इस कानून का विरोध किया।

बस और ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल शुरू कर दी है। लोडिंग वाहन चालकों ने भी इस कानून का विरोध किया है। जिसके कारण अनाज मंडी में नीलामी भी बंद हो गई है। ड्राइवरों ने नए कानून को काला कानून बताया और इसे वापस लेने की मांग की। बसस्टैंड पर बस ड्राइवरों ने केंद्र सरकार के द्वारा पास किए कानून के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। नए कानून में हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है।

पहले तो ट्रक ड्रायवरों ने हड़ताल करने की बात कही थी, लेकिन अब इस हड़ताल में प्राइवेट बसों के ड्राइवर भी शामिल हो गए। सुबह से सभी प्राइवेट बसों के ड्रायवरों ने बसों को चलाना बंद कर दिया। बसों के नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अप-डाउन करने वालों ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन बस से ही अपनी नौकरी करने जाते हैं। अगर ड्राइवरों की हड़ताल होगी और बसें बंद हो जाएंगी तो हम समय पर ऑफिस नहीं पहुंच सकते। ड्राइवरों की मांग है कि केंद्र सरकार द्वारा जो कानून पास किया गया है उसे वापस लिया जाए क्योंकि जो कानून बनाया गया है वह बहुत कठोर है। ड्राइवर जैसी नौकरी करके न तो इतनी अधिक राशि जमा कर सकते हैं और न ही परिवार का पालन पोषण कर सकते हैं।



विदिशा। बस ड्राइवरों ने बस स्टैंड पर नए कानून के खिलाफ की नारेबाजी।



विदिशा। ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों ने भी सौंपा ज्ञापन।

### आज कृषि उपज मंडी में बंद रहेगी नीलामी

कृषि उपज मंडी समिति के अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी द्वारा मंडी को सूचना दी गई है कि ट्रांसपोर्ट की अचानक हड़ताल किए जाने से माल लोडिंग के लिए वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण मंगलवार को होने वाली नीलामी में व्यापारी शामिल नहीं होंगे। संघ ने किसानों से अपील की है कि आज मंगलवार को कृषि उपज मंडी समिति के नवीन मंडी प्रांगण में अपनी कृषि उपज बेचने न लाएं।

### ग्यारसपुर में ऑटो चालकों ने शुरू की हड़ताल

ग्यारसपुर में सभी लोडिंग ऑटो चालकों द्वारा शासन द्वारा लाए गए कानून को लेकर 3 दिन की हड़ताल का निर्णय लिया गया है। ऑटो चालकों ने मुख्यमंत्री के नाम ग्यारसपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है की 3 दिन तक लोडिंग ऑटो नहीं चलाए जाएंगे। ऑटो चालकों का कहना है कि जो कानून सरकार लेकर आई है उसका पालन कर पाना बहुत मुश्किल है। इस कानून को वापस लिया जाना चाहिए।

### पेट्रोल लेने पंपों पर लगी वाहनों की कतार

ड्राइवरों की हड़ताल का असर पेट्रोल पंपों पर भी हुआ है। डीजल पेट्रोल के टैंकर नहीं आने की सूचना मिलने के बाद पंपों पर डीजल पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की कतार शहर के पेट्रोल पंपों पर लग गई। पंप संचालकों ने बताया की हड़ताल के कारण टैंकर नहीं आए तो पेट्रोल डीजल की किल्लत के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खबर लगते ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लगना शुरू हो गया। एक ही दिन में लाखों रुपए का डीजल पेट्रोल बिक गया।

### ड्राइवरों ने निकाली रैली



**गुलाबगंज।** गुलाबगंज क्षेत्र के सभी ड्राइवरों ने रैली निकालकर नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय एवं थाना परिसर में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ड्राइवरों की मांग है कि केंद्र सरकार द्वारा जो कानून पास किया है उसे वापस लिया जाए क्योंकि जो कानून बनाया गया है वह बहुत कठोर है। ड्राइवर जैसी नौकरी करके न तो इतनी अधिक राशि हम जमा कर सकते हैं और न ही परिवार का पालन पोषण कर सकते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में विशाल सोलंकी, अमन परोची, राकेश अहिरवार, रामसेवक, रूप सिंह, लेखराज लेखराज, राजेंद्र मालवीय, गंगाराम, गुड्डा सेन , नीरज, विक्की आदि शामिल रहे।

### कल आएंगे राज्यपाल

**विदिशा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 3 जनवरी को ग्राम पंचायत बागरी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने ग्राम पंचायत बागरी के ग्राम आजाद नगर में पीएम जनमन मिशन के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम के पूर्व तमाम प्रबंध कराने के निर्देश दिए हैं।

### बस एवं ट्रक संचालक यूनियन की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर आज बस एवं ट्रक संचालक यूनियन, आटो यूनियन, वाहन ड्रायवर यूनियन एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेंगे। बैठक बेतवा सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। आरटीओ अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि वाहन चालकों की हड़ताल के संबंध में आयोजित बैठक में उपस्थित होने की सूचना दे दी गई है।

### शिविर में 310 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा

**विदिशा।** सदगुरू सेवा ट्रस्ट आनंदपुर और जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 525 लोगों की डायबिटीज और आंखों की जांच की गई। जिनमें से 310 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आनंदपुर अस्पताल भेजा गया। सभी को खाने के पैकेट वितरित किए। सेवा गतिविधि के रूप में 10 परिवारों को एक महीने के राशन की किट और कंबल वितरित किए। एक परिवार को ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर दिया।

## सर्द हवाओं ने बढ़ा दी ठिठुरन 24 घंटे में बारिश की संभावना



**विदिशा।** नए साल की पहली सुबह भी कोहरे की चादर से ढकी हुई रही। साल के शुरुआत पर कोहरे के साथ बर्फीली हवाएं चलने से कड़ाके की ठंड का एहसास हो रहा है। घने कोहरे के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही। घने कोहरे की वजह से सुबह के समय विजिबिलिटी में 50 मीटर से भी कम रही, जिसके चलते वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग गया। वाहनों को हेडलाइट जलाकर रेंगना पड़ रहा था। वहीं रविवार को दिन का तापमान एक डिग्री लुढ़ककर 27.5 डिग्री पर आ गया, जबकि रात का तापमान दो डिग्री बढ़कर 13.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। ऐसे में आज उच्चतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 24 घंटे के अंदर बारिश की संभावना जताई है।

### मिल्क प्रोडक्ट्स के सेंपल लें: कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला विदिशा द्वारा एजेंडे की जानकारी दी गई। कलेक्टर भार्गव के द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लाइसेंस पंजीयन तथा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करें। हाईकोर्ट ग्वालियर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स के अधिक से अधिक सेंपल लिए जाएं और प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा मांसाहार से संबंधित कार्य योजना पर कार्रवाई करें। बैठक में उन्होंने ग्रामीण तथा शहरी निकाय के अधिकारियों को अनापत्ति प्रमाण देने के लिए निर्देशित किया।

## पर्यटन क्षेत्रों में रही भीड़: उदयगिरि के पीछे बेतवा में बोट में बैठकर परिवार के साथ बिताया समय



**विदिशा।** नए साल के दिन शहर के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की काफी भीड़ रही। उदयगिरि के पीछे बोट क्लब पर पहुंचकर लोगों ने बोट में बैठकर बेतवा नदी में मौजमस्ती की तो वहीं सांची की शहर से दूरी कम होने के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग सांची स्तूप भी पहुंचे। वहीं जंगल रिसोर्ट सहित बेतवा के तटों और मंदिरों में भी दिनभर लोग पहुंचे।

## सूने घर में चोरी, 5 लाख रुपए कीमत का सामान ले गए चोर, 6 महीने पहले भी इसी घर में हुई थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हाईवे बायपास स्थित मां वैष्णो कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आबकारी विभाग में पदस्थ राजेंद्र मालवीय के घर को छह माह के भीतर दूसरी बार निशाना बनाया गया है। वह अपने परिवार के साथ मथुरा गए थे।

रविवार की रात के समय चोरों ने मौका पाकर सूने मकान में चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने लगभग पांच लाख रुपए कीमत के सामान की चोरी की। साथ ही घर में रखे सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब सोमवार को पड़ोसियों ने उनके घर के ताले टूटे देखे तो इसकी सूचना विदिशा में ही रहने वाले उनके परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन पीयूष मालवीय घर पर पहुंचे। घर पर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई।



पुलिस डॉग स्क्वॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंची। मामले की तफ्तीश में जुट गई। वहीं सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने में जुटी हुई है। करीब 6 महीने पहले भी इसी घर में चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया था, लेकिन पुलिस अब तक उस वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को नहीं पकड़ सकी है। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि इस चोरी को अंजाम देने वाले वही आरोपी हैं। जिन्होंने 6 महीने पहले इसी घर में चोरी की थी। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा पुलिस कर रही है।

### कलेक्टर से मिले सहरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष फूलसिंह

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव से सोमवार को उनके चेंबर में अखिल भारतीय सहरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह सहरिया सहित सामाजिक लोगों ने मुलाकात की। कलेक्टर भार्गव ने आश्वस्त कराते हुए कहा कि जिले में सहरिया समाज के पुर्नत्थान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत किए जा रहे कार्यो के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जिले से संबंधित जो सुझाव दिए जाएंगे उनका भी क्रियान्वयन अभियान अवधि के दौरान किया जाएगा।

## समाजजनों ने बड़ेबाबा का अभिषेक करके की सुख - शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को जैन समाज के लोगों ने शीतलधाम में बर्रो वाले बड़े बाबा का महास्तिभिषेक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।

लोगों ने मंदिरों में दर्शन-पूजन कर नया साल पर सुख-शांति की कामना की। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह 6 बजे से लोगों का शीतलधाम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था और बड़े बाबा का अभिषेक करके साल की शुरुआत की। लोगों का मानना है कि साल का पहला दिन अच्छा बीतेगा तो पूरा साल सुखमय रहेगा। यही सोचकर कई लोगों ने नए साल की शुरुआत पर भगवान के दर्शनों और पूजा पाठ की। नए साल के पहले दिन हर कोई अपने दिन की शुरुआत अच्छे तरीके से करना चाहता है। इसलिए जैन समाज ने बड़े बाबा का अभिषेक करके साल की शुरुआत की। नया साल अच्छे से निकले इसलिए साल की शुरुआत भगवान के दर्शनों से करना चाहिए।

## जीव दया क्लब व लायंस क्लब सनराइज ने हिरनई गांव में जरूरतमंदों को ऊनी कंबल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लायंस क्लब विदिशा सनराइज क्लब के अध्यक्ष लायन अमोल अग्रवाल ने बताया की लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं जीवदया क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन राजेश जैन प्रीत एवं लायन अमिता जैन की माताजी के पंचम पुण्य स्मरण पर ग्राम हिरनई में जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा कर समस्त विश्व के कल्याण की कामना की गई।

इस अवसर पर ग्राम हिरनई में जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर उन्हें ठंड से बचने के लिए ऊनी कंबलों का वितरण किया गया। साथ ही गौ माता के गले में रेडियम के पट्टे पहनाए गए। ताकि रात्रि में उन्हें दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस अवसर पर इस अवसर पर लायन राजेश जैन प्रीत, लायन अमोल अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष लायन अमिता जैन, डॉक्टर अमित ठाकुर,



मनोज बांसल, कामिनी बांसल, आशीष मोदी बाबा, रिचा मोदी, सुशील जैन बजाज, रजनी जैन, मुकेश सिंघई, आरती सिंघई, डॉक्टर बृजेश जैन, जूली जैन, अजीत जैन, सीमा जैन, सुशील जैन, रेखा जैन,अमित जैन, मयूरी जैन, राकेश जैन, श्वेता जैन, संजय जैन, महिमा जैन, अभिषेक जैन, शिल्पा जैन, विनय जैन, अमीषा जैन, आदीश जैन उपस्थित थे।

## कलेक्टर के आदेश पर 10 एएनएम को निलंबित किया

### गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में बरती गई थी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं समस्त एसडीएम व खंडस्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बात की। कलेक्टर भार्गव ने गर्भवती महिलाओं की चार जांच व पंजीयन कार्यों की समीक्षा में कोताही बरतने वाली दस एएनएम को निलंबित करने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में भी उन्होंने सीएमएचओ से जानकारी ली।

शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाली दस एएनएम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के द्वारा जारी किए गए हैं। जिन एएनएम को निलंबित किया गया है उनमें लटेरी विकासखंड की रूबीना खॉन और उर्मिला वर्मा, सिरोंज विकासखंड की रामवती मल्होत्रा, संध्या पासवान, नटेरन विकासखंड की राम सहेली अहिरवार और विशाखा देवी विश्वकर्मा, कुरवाई की सरोज श्रीवास्तव, विदिशा की मुन्नी सोनी और प्रतिभा चौबे तथा बासौदा विकासखंड की किरण शर्मा शामिल है। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले विषयों में विभागीय अधिकारी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। यदि कहीं कोई त्रुटि हो जाती है तो अविलम्ब जानकारी में लाएं। उन्होंने गुना जिले में हुई दुर्घटना को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिले में कहीं भी किसी भी प्रकार की घटना घटित होती है तो अविलम्ब राहत संबंधी कार्यवाही मौके पर कराया जाना सुनिश्चित हो ताकि किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न ना हो सकें। कलेक्टर भार्गव ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अनेक विभाग डी ग्रेड सूची में शामिल हैं।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर उमाशंकर भार्गव।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3480
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3255
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2376
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5422
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5900
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4545
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5320
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-6600
धान
न्यूनतम भाव-1515
उच्चतम भाव-4230
ज्वार
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-6981

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 9683 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### नगर में सुबह से लेकर शाम तक होते रहे धार्मिक आयोजन

# लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शन व दाल बाटी बनाकर मनाया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









सोमवार को नववर्ष का स्वागत लोगों ने अपने-अपने तरीके से किया। एक ओर जहां लोगों ने भगवान का भजन-पूजन एवं प्रसादी वितरण के साथ अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न कराए गए वहीं कुछ लोगों द्वारा अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ खेत, नदी, तालाब किनारे पहुंचकर दाल, बाटी का आनंद लिया। नव वर्ष के चलते सुबह से उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर, गमाखर स्थित शिव मंदिर, सिरनोटा, घटेरा, नौखली धाम, मुरादपुर सहित अन्य स्थानों पर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की पूजन अर्चन करने भीड़ लगी रही।

वहीं दूसरी ओर वेदांत आश्रम में नववर्ष का आयोजन एवं आश्रम संचालक जगतगुरू द्वाराचार्य डॉ रामकमल दास वेदांती का जन्मदिवस एक साथ मनाया गया। इस मौके पर डॉ वेदांती ने श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन भी दिया। बडी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्म और भारतीय परंपराओं का अनुसरण करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संत द्वाराचार्य डॉ रामकमल दास वेदांती जी का अवतरण दिवस आस्था और हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक गायन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महंत हरिहर दास, केएस यादव सहित बनारस, बम्बई सहित अन्य नगरों से पधारे वेदांती जी के शिष्यों ने भी ब्राह्मण पूजन की परंपरा का निर्वाह किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के पत्रकारगण, श्रद्धालु एवं आसपास से ग्रामीण महिला पुरूष बच्चे शामिल हुए। उधर नववर्ष पर नपा के रामलीला मेले में प्रतिवर्ष नपा द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिए लगाए जाने वाले इस मेले जनक दुलारी रामलीला मण्डल अयोध्या द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंच रहे हैं। मेले में दिनों दिन भीड़ उमड़ती जा रही है। लोग मेले में आऐ बड़े- बड़े झूले, खेल खिलौने, बर्तन, कपड़े एवं खाद्य सामग्री की दुकानों पर पहुंचकर आनंद ले रहे हैं।

### आश्रम के छात्र ने बनाया वेदांती महाराज का स्कैच

**गंजबासौदा।** अंतरराष्ट्रीय संत डॉक्टर राम कमलदास वेदांती महाराज के जन्मदिन पर वेदांत आश्रम के कक्षा 9 के छात्र अंशुल बैरागी ने डॉ. वेदांती महाराज का स्केच बनाकर उनको भेंट किया। जिसे देखकर उपस्थितजनों ने छात्र की इस प्रतिभा की प्रशंसा की।

## ब्राह्मण समाज की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिरोंज चौराहा स्थित बराही पैलेस में ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। जिसमें परिचय सम्मेलन के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। 100 से अधिक बायोडाटा एकत्रित हुए शीघ्र ही और बायोडाटा एकत्रित कर पत्रिका का विमोचन परिचय सम्मेलन में होगा। विवाह योग बच्चों के बायोडाटा जमा करने के स्थान नियुक्त किए गए। जिनमें दीपक पान सेंटर दीपक भवन गांधी चौक, सतीश शर्मा राजेंद्र नगर चौराहा, अभिषेक ऑटो मोबाइल्स सिरोंज चौराहा, अजय तिवारी मेडिकल स्टोर सावरकर चौक, गीत इलेक्ट्रॉनिक गायत्री मंदिर के सामने बरेठ रोड, राकेश दुबे आंबेडकर चौक, पाठक रेस्टोरेंट रेलवे स्टेशन, कमल शर्मा पुरानी गल्ला मंडी के सामने फार्म उपलब्ध होंगे। बैठक में पंडित दीपक तिवारी, संतोष शर्मा, दिनेश दंडोतिया, विष्णु प्रसाद शर्मा, भरत पाठक, सुरेंद्र शर्मा पिंकू महाराज, शिव मोहन पारासर, शंभू दयाल शर्मा, हरिशंकर भार्गव, जगदीश मिश्रा, मनोज पस्टारिया, योगेश त्रिपाठी, जगदीश शर्मा, जयंत कुलकर्णी ,अरुण तिवारी, महेंद्र शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण समाज बंधु उपस्थित थे।

## सत्संग वह धोबीघाट है जहां मन की मैल धुलती है : कमलपुरी महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी गुरु मंदिर में स्वामी सुमेरपुरी महाराज की वरसी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इंदौर से आए कमलपुरी महाराज ने सत्संग को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग वह रूहानी पाठशाला है, जिसमें परमात्मा के प्रेम और भक्ति की विधि सिखाई जाती है। यह एक अनोखा धोबी-घाट है, जहाँ मन के मैल धुलते हैं और वह निर्मल हो जाता है। सतगुरु कहते हैं नाम रूपी साबुन से मन का मेल धुल जाता है। उन्होंने आगे कहा झूठी दौलत झूठी शोहरत जोड़ रहा था, ना जाने किस अंधी दौड़ में दौड़ रहा था। नाम रूपी सौदा खरीदने को विस्तार से समझाते हुए कहा कि कहां मिलेगा यह नाम यह सौदा तो सिर्फ संतों के सत्संग में उनके सानिध्य में मिलता है। सत्संग सब तीर्थों से उत्तम तीर्थ है, क्योंकि उसे सुनने से अनेक प्रकार के पाप कट जाते हैं और मन विकारों से मुक्त हो जाता है। इंदौर से ही पधारे स्वामी महेशपुरी गोस्वामी एवं कपिल पुरी गोस्वामी ने भी अपने प्रवचनों के माध्यम से जीवन की नैया पार लगाने दृष्टांत सुनाए। मैं आया तेरे द्वार मुझे पार लगा दे मेरी नैया तेरे हाथ मुझे पार लगा दे। कार्यक्रम में आरती, अरदास कर पल्लव पाया गया एवं वही भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी,नरसिंह राय बल्लू भैया, भागचंद वासवानी, मूलचंद घिन्घानी, बेबू भाई मेहता, कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारीगण एवं माताओं-बहनों सहित अनेक लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के सचिव सुरेश कुमार तनवानी ने दी।

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी पद पर पदोन्नत हुए



**गंज बासौदा।** नगर के वीरेंद्र कुमार सेन को रायसेन थाना से उप निरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर पदोन्नत कर भोपाल मुख्यालय भेजा गया हैं। जहां से संबंधित थाने का प्रभार सौंपा जाएगा। वीरेन्द्र कुमार सेन पदोन्नति पर शुभचिंतकों, परिजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बिजली की आंख मिचौली से परेशान

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर में बगैर सूचना के विद्युत कटौती की जा रही है जिससे नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को भी सुबह से लेकर शाम तक कई बार विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अघोषित बिजली की कटौती की गई। जिसके चलते त्योंदा रोड, पचमा बायपास सहित नगर के अनेक वार्डों में दिन में कई बिजली काटी गई। जिससे लोगों को बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## विहिप ने शुरू किया परिवार संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी हिन्दू परिवार संपर्क अभियान का शुभारंभ सोमवार से हो गया है। अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ता विचार परिवार के सदस्यों के साथ ग्राम ग्राम, मोहल्ला मोहल्ला में प्रत्येक हिन्दू परिवार तक जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर हिन्दू समाज से 22 जनवरी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिका जलाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही अपने पास के किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाईव देखने एवं रामधुन, भजन कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता अपने परिवार संपर्क अभियान के दौरान हिन्दू समाज से यह आग्रह कर रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को अभी अयोध्या न जायें अपने मोहल्ले के मंदिर को ही अयोध्या मानकर पूजन अर्चन भजन कीर्तन इत्यादि करें एवं समारोह के उपरांत अनुकूलता होने पर बारी बारी से अयोध्या जाकर राम लला के दर्शन करें। संगठन की दृष्टि से गंज बासौदा जिला है जिसमें 10 प्रखंड 102 मंडल, 25 बस्ती और 983 ग्राम आते हैं सोमवार को सभी 10 प्रखंडों के 102 मंडलों और 25 बस्तियों पर एकसाथ अभियान का शुभारंभ हो गया है, जो 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा।

## सर्दी और कोहरे से जनजीवन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



उत्तर से आई सर्द हवाओं के चलते तापमान में गिरावट के साथ कड़ाके की ठंड अपना असर दिखा रही है। दिन में भी ठंड से बचने लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। सुबह 10 बजे तक कोहरे का साया होने एवं दृश्यता कम होने के कारण वाहन भी हेडलाइट जलाकर चले। वहीं दिल्ली की ओर से आने वाली अधिकांश ट्रेनें 4 से 6 घंटे विलम्ब से आईं। रात का तापमान 8 डग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन का तापमान भी कम रहा।

सर्द हवाओं से वातावरण में ठण्डक रही। लगातार गिरते तापमान से फसलों में पाला पढ़ने का भी भय बना हुआ है। किसान रात के समय खेतों की मेड़ पर धुंआ भी कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि यदि आगामी दिनों रात्रि का पारा इसी तरह गिरता है तो इसका सीधा असर धनिया, मसूर, चना सहित हरी सब्जियों पर पड़ेगा। शीत लहर के चलते इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है। सरकार अस्पताल सहित प्रायवेट क्लीनिकों में सर्दी-जुखाम और वायरल फीवर की शिकायत को लेकर मरीज उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी पड़ा है। दिल्ली से आने वाली ट्रेनें अपने निर्धारित समय से विलंब चलती रहीं। घने कोहरे से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हुई है। जिसके कारण यात्रियों को भी स्टेशन पर रहकर तेज ठण्ड के बीच ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। लगातार तापमान गिरने से पटरियों की भी चैकिंग रेलवे विभाग द्वारा कराई जा रही है ताकि पटरियों के ब्रेक की जानकारी भी समय से पहले मिल सके। रात्रि समय में रेलकर्मी पटरियों के किनारे गश्त कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने की अक्षत कलश की पूजन अर्चन

**त्योंदा।** सोमवार को ग्राम सियावदा में अयोध्या से अक्षत कलश आए, जिनकी ग्राम के लोगों ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जगदीश गुर्जर, कीरत सिंह गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर, सुनील गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर, रामदयाल कुशवाह सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे।



## पेट्रोल पंपों पर लगी रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा नये नियम लागू किए जाने के विरोध में ट्रक संचालक यूनियन एवं वाहन ड्रायवर यूनियन द्वारा हड़ताल किए जाने से परिवहन व्यवस्थाएं गडबडा गई हैं। इसका सीधा असर पेट्रोलियम आपूर्ति पर भी पडा। पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति बाधित होने से पेट्रोल पंपों पर अपने वाहनों एवं साधनों के लिए पेट्रोल डीजल लेने वालों की भीड उमड पडी। सुबह से पेट्रोल पंपों पर ऐसी भीड उमडी कि कई पेट्रोल पंपों पर दोपहर में ही पेट्रोल डीजल का स्टाक खत्म हो गया और संचालकों को अपने पंप बंद करना पडे। इसके बाद बचे खुचे पंपों पर भी भारी भीड़ रही और शाम तक लोग अपने वाहनों में फुल टैंक पेट्रोल, डीजल भरवाने के लिए पहुंचते रहे।

उधर इस समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में बस एवं ट्रक संचालक यूनियन, आटो यूनियन, वाहन ड्रायवर यूनियन एवं पेट्रोल पम्प संचालकों की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। उधर पेट्रोल डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने से सोमवार को बसों एवं अन्य परिवहन साधनों का संचालन भी बंद रहा। जिससे यात्रियों, अपडाउनर्स अधिकारी कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ा।

### डॉ. वेदांती महाराज ने किया श्रीराम कथा का वर्णन...

# उन्ही की स्तुतियां की जाती हैं जिनका आचरण मंगल हो






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित 15 दिवसीय श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिवस में आश्रम के प्रांगण में स्थापित पंडाल में प्रथम दिवस का प्रवचन करते हुए श्रीमद् जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ रामकमल दास वेदांती महाराज ने श्री रामचरितमानस के बालकांड के मंगलाचरण पर कहा कि मंगलाचरण में उन्हीं लोगों की स्तुतियां की जाती हैं जिनका आचरण मंगलमय हो। जिस देश व धरती में श्रेष्ठ आचरणवान लोगों का निवास होता है वहां रहने वाले लोगों के आचरण अपने आप अच्छे हो जाते हैं। श्री रामचरित मानस के प्रारंभ में सर्वप्रथम प्रार्थना सरस्वती एवं श्री गणेश की गई थी। सरस्वती हमें अच्छी शिक्षा से परिपूर्ण बनाती हैं, और श्री गणेश जी हमारे जीवन के सारे विघ्न बाधाओं को दूर करते हैं। व्यक्ति को अपने किए हुए कर्मों का परिणाम अवश्य भोगना पड़ता है किंतु यदि हम दुखद क्षणों में भी ईश्वर भक्ति से अपने आप को जोड़े रखें तो सरस्वती जी की कृपा से हमें वह बुद्धि प्राप्त हो जाती है जिससे हम अपने कठिन दिनों को भी मुस्कुराकर गुजार सकते हैं। वहीं दूसरी ओर श्री गणेश जी की आराधना हमारे जीवन की विघ्न बाधाओं को समाप्त कर आशा की किरणों से हमारे जीवन को प्रकाशित कर देती है।

मंगलाचरण प्रकरण को आगे बढ़ाते हुए जगतगुरु स्वामी वेदांती महाराज ने श्रोताओं से अपने जीवन में श्रद्धा एवं विश्वास को लाने की बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में पार्वती माता के समान श्रद्धा एवं भगवान शिव की तरह विश्वास होना चाहिए। सच्ची श्रद्धा हमें पार्वती माता के जीवन में तब दिखाई देती है। जब सप्त ऋषि परीक्षा के दौरान पार्वती जी के समक्ष उनके गुरु नारद एवं इष्ट देव शंकर जी की आलोचना करते हैं। उसमें पार्वती माता ने कहा कि मुझे अपने इष्ट देव भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए करोड़ों जन्म भी क्यों न लेने पड़े फिर भी मैं शिवजी उपासना का त्याग नहीं कर सकती और भगवान शिव का विश्वास ऐसा है कि वह श्री राम की परीक्षा लेने वाली अपनी प्राण बल्लभ सती का तो त्याग कर देते हैं किंतु राम भक्ति का नहीं।

स्वामी राम कमलदास वेदांती महाराज ने कहा कि वह 15 दिन की कथा केवल नगर में ही करते हैं क्योंकि उन्हें यहां के लोगों में अद्भुत ईश्वर भक्ति व संत प्रेम दिखलाई पड़ता है यहां की युवा पीढ़ी कथाओं को श्रवण कर अपने आप को श्रेष्ठ पद पर लाने का प्रयत्न कर रही है। कथा मंच पर ही सेंट एस आरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों ने स्वामी वेदांती के जन्मदिवस के उपलक्ष में एकल गायन प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने बहुत ही सराहा। इससे पूर्व सुबह के समय डॉ वेदांती ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। उन्होंने रामकथा महोत्सव एवं अन्य आयोजनों की चर्चा की और क्षेत्र की जनता को आमंत्रित भी किया।

## युवाओं को जोड़ेगा स्वावलंबी भारत अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वावलंबी भारत अभियान की नगर इकाई की बैठक सुभाष चौक स्थित भारतीय किसान संघ के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसको संबोधित करते हुए स्वावलंबी भारत अभियान के मध्य भारत प्रांत के चार विभाग पूर्णकालिक तरुण यादव ने कहा कि हमारा कार्य युवाओं को स्वयं के रोजगार विकसित करने हेतू जागरूक करना है। हमें युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद का जयंती सप्ताह मना कर युवा आधारित कार्य करना चाहिए ताकि भारत के युवक युवतियों को नई ऊर्जा, नई प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे अक्षत वितरण कार्यक्रम में भी हमे सहभागी बनना है। उन्होंने नगर के एक हजार युवक युवतियों को Mysba के माध्यम से स्वाबलंबी भारत अभियान से जोड़ने का लक्ष्य देकर तहसील स्तर पर स्वाबलंबन केंद्र प्रारंभ करने की अवश्यकता जताई। इस मौके पर अभियान के जिला पूर्ण कालिक अंकित पाठक, जिला टोली सदस्य परसराम दुबे, नारायण सिंह रघुवंशी,तहसील प्रमुख सुखजीत सिंह काके, स्वदेशी जागरण तहसील प्रमुख सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोहन यादव, श्याम चौरसिया, सह संयोजक रोहित अग्रवाल, देवेन्द्र सिंह आगासौद, गोविंद सिंह कुशवाह, जितेन्द्र सेन, अरुण तिवारी सहित बडी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### किसान संघ चला रहा सदस्यता अभियान



**गंजबासौदा।** भारतीय किसान संघ द्वारा नइ दिनों सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष नारायण सिंह रघुवंशी, भारतीय किसान संघ तहसील उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत, भगवान सिंह जरिया, ज्ञान सिंह विश्वकर्मा द्वारा त्योंदा तहसील के ग्राम अमारी, हमीदपुर, परसोरा सहित कई ग्रामों में सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाए गए।

महामाई माता, धाम करीला, अलीगंज पहाड़ व अन्य तीर्थ क्षेत्रों में लोगों ने मनाई पिकनिक

# मंदिरों में मत्था टेककर की नववर्ष की शुरुआत दीनदयाल पार्क में दिनभर रही सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नववर्ष के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों में श्रध्दालुओं की भीड़ रही। वही भोपाल रोड पर स्थित महामाई माता मंदिर,धाम करीला,देवपुर सहित शहर के अन्य मंदिरों में भक्तों ने भगवान के दर्षन किए तथा पूजा-अर्चना की। नए साल 2024 के पहले दिन की शुरूआत लोगों ने पूजा-अर्चना करके की। वही सोमवार के चलते तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो कि देरषाम तक चलता रहा। वहीं जिले की सीमा पर स्थित धाम करीला में भी मां के दर्षन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ीं। यहां भक्तों ने नए साल का हर दिन बेहतर होने के साथ ही शांति तथा समृद्धि की मंगल कामना की। तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में भक्तों ने भगवान की पूजा की।



## दीनदयाल उद्यान पार्क में रही भीड़

नगर के लटेरी रोड पर स्थित दीनदयाल उद्यान पार्क में भी लोगों की भीड लगी रही। सुबह होते आसपास व दूरदराज के लोग पहुंच चुके थे। इस दौरान बच्चे सहित युवा-युवतियों ने पार्क में पिकनिक का आनंद लिया। इसके अलावा यहां भ्रमण के साथ ही वनभोज का आनंद उठाया। डेम और पार्क में जाने के लिए लटेरी रोड पर दिनभर वाहन चालाकों की चहल पहल लगी रही। भीड को देखते हुए चाट,फुल्की विक्रेता भी पार्क के बाहर अपने ठेले लेकर पहुंचे। शाम होते-होते यह संख्या और बढ गई। डेम को निहारने के साथ ही लोगों ने पार्क में पहुंचकर सैर-सपाटा भी किया।



## झूलों का जमकर उठाया आनंद

नगर पालिका द्वारा पार्क में अनेक नए झूले भी लगवाए गए हैं। इसके साथ ही चिल्ड्रन पार्क अलग बनाया गया है। सोमवार को सैलानियों की संख्या को देखते हुए नपा प्रबंधन ने झूला घर सुबह ही खोल दिया। झूलों के आसपास दिनभर युवा-युवतियों और बच्चों की धमा चौकड़ी दिखाई दी।

## पहाड़ पर भी पहुंचे सैलानी

नववर्ष के मौके पर लंबे समय बाद लोग घर से बाहर निकले। सोमवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा लेकिन सैलानियों को होसला नही टूटा। कई लोग सपरिवार सैर-सपाटे पर निकल गए। महामाई मंदिर,अलीगंज स्थित काली माता मंदिर,मौलाजी का पहाड़,आरोन रोड पर स्थित दरगाह,जैन तीर्थ नसिया जी तथा अन्य स्थानों पर पिकनिक मनाने पहुंचे।

# सिरोंज के युवा इंसान सोनी ने हासिल किया गोल्ड मेडल

## 34 वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न झोनल नेशनल बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश मुख्यालय उज्जैन के विशेष सहयोग से नगर निगम उज्जैन द्वारा पूर्व उपमहापोर प्रेमनाराण यादव की स्मृति में कार्तिक मेला के शुभ अवसर पर 34 वीं मेयर ट्रॉफी वेस्टर्न झोनल नेशनल बॉडी बिल्डिंग चौंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दूधिया रोशनी से नहाये मंच पर देशभक्ति, स्वछता, बेटी बचाओ, स्वस्थ भारत के संदेश पर माँस पेशियों की थिरकन से भारत माता की जय, वंदे मातरम से परिसर झूम उठा। वही उक्त कार्यक्रम में सिरोंज के सर्वश्रेष्ठ शरीर साधक इंसान सोनी ने चेस्ट, बाई सेप्स, थाई, बेक, फ्रंट, ऐबडामिन मसल्स मे का उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुए गोल्ड मेडल फील्ड सहित 7 हजार रुपए का चेक प्राप्त किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के 153 शरीर साधक एवं खेल अधिकारियों ने सहभागिता की साथ ही मेयर ट्रॉफी का शुभारंभ इंटर नेशनल बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे मुंबई, पार्षद सत्यनारायण चौहान,श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉ.योगेश्वरी फ़रीजिया,राष्ट्रीय कोषाअध्यक्ष अतिन तिवारी, मध्य प्रदेश के चेयर मेन प्रेमसिंह यादव, अपर आयुक्त आदित्य नागर, जनसंपर्क अधिकारी रईस निजामी, पार्षद इमरान खान, जाहिद खान,पूर्व मिस्टर इंडिया राज्य अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह ने किया। राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत संचालन राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया। सर्द रात्रि में पसीने की चाशनी में नहाये शरीर साधकों ने मध्य रात्रि तक कार्तिक मेला मंच से हजारों खेल प्रेमियों को शानदार खेल की दावत प्रदान की..श्रीराम जी की धुन पर माँस पेशियों को रामचरित मानस की धुन पर अदभुत रूप से ऐसा थिरकाया कि तालियों की गूंज से फिट इंडिया हिट इंडिया का संदेश प्रसारित हुआ।

# हिट एंड रन कानून को लेकर ड्राइवरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

केंद्र सरकार के हिट एंड रन मामले में नए कानून पास होने पर मध्यप्रदेश में नई समस्या खड़ी हो गई है। दरअसल इस कानून के विरोध में बस, ट्रक और टैंकर ड्राइवर अनिश्चितकाल तक हड़ताल पर बैठ गए हैं। ड्राइवरों के ऐसा करने से एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है, ऐसे में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की आंशिक किल्लत शुरू हो गई है। सोमवार को नए वर्ष के अवसर पर कई लोग शहर सहित आसपास के प्राचीन स्थलों पर घूमने के लिए निकले, लेकिन डीजल पेट्रोल की कमी के कारण पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली, क्योंकि शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की कमी के कारण बंद हो गए थे इस वजह से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर ही डीजल पेट्रोल उपलब्ध हो पाया। जिसकी वजह से वाहनों की लंबी कतारें है देखने को मिली। क्षेत्र के बस, ट्रक, डंपर चालकों के द्वारा एक दिन पूर्व ही अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर जानकारी दी गई थी। यदि इन लोगों की हड़ताल आगे भी ऐसे ही लगातार जारी रहती है तो स्थिति और भी खराब हो सकती है। वहीं रिलायंस पेट्रोल पंप के संचालक संजय भार्गव के अनुसार अगर ड्राइवरों की हड़ताल ऐसे ही चलती रही तो शहर के सभी पेट्रोल पंप ड्राइ होते चले जायेंगे। सोमवार को भी जो भी व्यक्ति पेट्रोल डीजल लेने के लिए पंप पर पहुंच रहा है वह अपने वाहन को फुल करने में लगा हुआ है।

## हड़लात बढ़ा तो हो सकती है दिक्कत

वाहन चालकों की हड़ताल के कारण पेट्रोल पंपों की स्थिति खराब तो हो ही रही है साथ ही वाहनों के न चलने के कारण अन्य तरह के व्यवसाय भी ठप होते दिखाई दे रहे हैं। चपर के व्यापारी शिवम नगीना का कहना है कि दो दिन से कोई भी ड्राइवर चपर के ट्रक को अन्य जगह ले जाने के लिए राजी नहीं हो रहा है जिसकी वजह से हमारा काफी नुकसान हो रहा है। जबकि प्रतिदिन एक से दो गाड़ी की खपत है लेकिन वाहन चालकों की हड़ताल के कारण पूरा माल वेयरहाउस में भरा पड़ा है। यदि स्थिति ऐसी ही रहती है तो एन व्यापारियों को भी अन्य तरह के व्यवसाय में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। एक और पेट्रोल पंप चालक सौरभ रघुवंशी का कहना है कि यदि वाहन चालक हड़ताल करते रहते हैं तो निश्चित रूप से इसका असर पेट्रोल पंपों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा।

*बस, ट्रक, डंपर चालकों की हड़ताल से डीजल-पेट्रोल की किल्लत*



## बसें भी रहीं बंद, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

*केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ड्राइवरों में रोष व्याप्त है। मध्य प्रदेश में चालक इसके विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। पेट्रोल टैंकर चालकों की हड़ताल के बाद सोमवार को न्यू बस स्टैंड पर बस ड्राइवरों ने चक्का जाम कर नारे बाजी की। सोमवार को दिनभर बस स्टैंड पर बसें खड़ी रही जिसके कारण आवागमन करने वाली यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा कहीं लोग बसे ना चलने की वजह से दिनभर इधर से उधर भटकते रहे। क्योंकि प्रदेश भर में ड्राइवर इस कानून को लाने का विरोध कर रहे हैं। इसमें में एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार ने हिट एंड रन कानून को पास कर दिया है, इसी का ड्राइवर संगठन और अन्य संगठन भी विरोध कर रहे हैं। इस नए कानून के जरिए हिट एंड मामले में वाहन चालक को 10 साल तक की सजा और सात लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। इस कानून को वाहन चालक काला कानून बता रहे हैं और संशोधन की मांग उठा रहे हैं। पेट्रोल पंप ड्राई होने की स्थिति बनने पर अर्थव्यवस्था पर भी बड़ा असर पड़ सकता है, वर्तमान समय में वाहनों के जरिए ही सभी वस्तुओं का परिवहन होता है।*

# सैकड़ों पर्यटकों ने माला देवी मंदिर पहुंचकर मनाया नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर मुख्यालय में पुरातात्विक धरोहर आज भी मौजूद है ऐतिहासिक विरासत को अपने में समेटे हुए है। ग्यारसपुर में नौवी और दसवीं सदी के एक दर्जन के आसपास स्मारक हैं जिन्हें देखने के लिए दूर-दराज से पर्यटक नए वर्ष पर अपने परिवार के साथ ग्यारसपुर पहुंचते हैं। जिनमें से एक माला देवी मंदिर जो की पहाड़ी की ढलान पर बनाया गया है। इसके सामने कई पर्वत श्रृंखलाएं हैं जो पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। सोमवार को दिनभर माला देवी मंदिर पर पर्यटकों का तांता लगा रहा। वहीं देर शाम पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला भी अपने परिवार के साथ माला देवी दर्शनों के लिए पहुंचे। माला देवी के पहाड़ी पर मेला भी लगता है जिसे देखने के लिए बच्चे ,बुजुर्ग, जवान सभी पहुंचते हैं और मेले में फुलकी चार्ट का आनंद लेते हैं । इस वर्ष भी हजारों की संख्या में पर्यटक आए हुए थे सभी ने ग्यारसपुर की ऐतिहासिक विरासतों को नजदीक से निहारा सभी का मन प्रसन्न आनंद से गदगद हो गया । माला देवी मंदिर के अलावा हिंडोला तोरण,बाजरा मठ (सूर्य मंदिर) आठ खम्मा, ढैकीनाथ बौद्ध स्तूप ,मानसरोवर झील भगवान बुद्ध की प्रतिमा आदि का दर्शन किए ।

## छींदधाम, हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

**बरेली।** नए वर्ष 2024 के प्रथम दिन सोमवार को नर्मदा क्षैत्र के सिद्ध एवं प्रसिद्ध हनुमान मंदिर छींदधाम एवं नगर के प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में हजारो श्रीराम, हनुमान भक्त नर-नारियों की सुबह से रात्रि तक भीड़ का नजारा बना रहा। नया वर्ष हो या जन्मदिन के विशेष अवसरों पर अब लोग परिवारों के साथ धार्मिक स्थलों पर पहुंचते है। धार्मिक श्रद्धालुओं पर भारतीय संस्कृति, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण एवं 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रति भी भारी उत्साह नजर आ रहा है। पिछले वर्षो में हनुमान मंदिर छींदधाम में धार्मिक श्रद्धालुओं की सुविधाए बढने के साथ मंदिर के आसपास सौंदर्यकरण के अनेक कार्य हुए है। छींदधाम मंदिर अब नये रूप में सज सबर रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं के विश्राम, दर्शन इत्यादि की विशेष व्यवस्थाएं मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा की गई, की जा रही है। छींदधाम हनुमान मंदिर एक खेत में विशाल प्राचीन पीपल के वृक्ष के नीचे है। मढिया के मूल स्वरूप को यथावत रखते हुए आसपास व्यवस्थाओं को अंजाम दिया गया है। छींदधाम मंदिर पहुंचने एक ही मार्ग है। जिसके दोनों ओर दुकानें लगने से श्रद्धालुओं को पैदल मंदिर तक पहुंचना कठिन बना रहता है।

# कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, भजनों पर जमकर झूमे सैकड़ों श्रद्धालु

एक शाम बाबा खाटूश्यामजी के नाम भव्य भक्ति संध्या का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा खाटू श्यामजी महाराज के द्वितीय वार्षिकोत्सव एक शाम खाटू वाले के नाम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा की भव्य झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

सुबह शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर श्रीखाटू श्याम बाबा की झांकी सजाई गई साथ में राधा कृष्ण के साथ सुबह खाटू श्याम मंदिर से नगर के मुख्य मार्गों से श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई जिसमें श्री खाटू श्याम के जयकारे गूंजे। ढोल धमाको के साथ भक्ति गीतों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु जमकर झूमे। बाबा खाटू श्याम का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर आरती उतारकर स्वागत किया गया। मंडी प्रांगण में रात आठ बजे से बाबा की पूजा अर्चना कर बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या शुभारंभ हुई। खाटू श्याम बाबा का फूलों से मनोहारी दरबार सजाया गया। बाबा को 56 भोग लगाए गए। ज्योति के दर्शन श्याम बाबा के भक्तों ने किए।



**शमशाबाद।** कार्यक्रम के दौरान देर रात तक भजनों का सिलसिला चलता रहा। भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

भजन संध्या में बरेली उत्तरप्रदेश के गायक अर्पणा मिश्रा, अनंत मिश्रा और गुना के भजन गायक सागर राव, अजय विश्वकर्मा ने बाबा के भजनों के माध्यम से भक्ति संध्या में श्याम प्रेमियों के लिए भजनों की एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई भजनों पर श्रद्धालु झूमे। कार्यक्रम में सुठालिया के 1008 बाबा बालक नाथ जी महाराज,बाबा रामदेव के पुजारी पंडित गौरी शंकर शर्मा ने पहुंच कर भक्तों को आर्शीवाद दिया। पांडाल में इत्र व पुष्प वर्षा की गई।भव्य भक्ति संध्या में क्षेत्र के हजारों की तादाद में श्याम प्रेमियों ने भाग लिया। भक्तो ने बाबा के भजनों पर जमकर झूमे और आनंद लिया।

## सर्व ब्राह्मण सामाजिक संगठन का गठन, ओपी चतुर्वेदी बने अध्यक्ष

**बरेली।** सर्व ब्राम्हण सामाजिक संगठन की बैठक में कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें ओमप्रकाश चतुर्वेदी को सर्व सम्मति से बरेली का अध्यक्ष एवं उमाशंकर शर्मा को पुजारी प्रकोष्ठ, शैलेन्द्र भार्गव को कर्मकांडी प्रकोष्ठ, रेवाशंकर शर्मा को ग्रामीण अंचल एवं सदीप चौबे को युवा मंडल का प्रभार दिया गया। सर्व ब्राम्हण संगठन की बैठक में संरक्षक राजीव पालीवाल ने सामाजिक एकता, कुरितियों के उन्मूलन अभियान चलाने का आग्रह किया। बैठक में हरीश शास्त्री, राधेश्याम पालीवाल, भास्कर शर्मा, मनोज भार्गव, नीरज भार्गव, अनिल भार्गव, राजू भार्गव, महेश शर्मा, सूरज शर्मा, राजा भाई, शैलेन्द्र भार्गव, भरत शर्मा, रजनीश द्विवेदी मौजूद रहे।

In The Court Of I Additional District and session Judge, Civil Court Sironj District Vidisha
Presiding Officer: श्री सुरेन्द्र मेश्राम
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000060/2023)
मोहम्मद इदरीश खान .......................... वादी
Vs
मोहम्मद शफीक खां ........................ प्रतिवादी
P.No. - 1931 / 30.12.2023
Process Id - 652/2023
पेशी दिनांक : 23/01/2024
प्रषिती - मोहम्मद शफीक खां पिता मोहम्मद रफीक खां पता- मोहल्ला तलैया वार्ड नं. 06 पुराने अस्पताल के सामने सिरोंज जिला विदिशा यह कि प्रार्थी मोहम्मद इदरीश खान पिता अब्दुल शकूल खां, निवासी- वार्ड क्रमांक 14 सिरोंज जिला विदिशा ने आपके विरूद्ध घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा एवं आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई या दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथने के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 30 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। सुरेन्द्र मेश्राम
प्रथम जिला न्यायाधीश
सिरोंज, जिला विदिशा (म.प्र.)

## संत श्री जगन्नाथ दास की स्मृति में 6 वर्षों से खीर प्रसादी का हो रहा है वितरण



**ग्यारसपुर।** प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर मां बिजासन देवी ऊपर वाली बड़ी माता क़े पूज्य संत श्री जगन्नाथ दास जी महाराज का 6 वर्ष पूर्व देवलोक गमन हो गया था उन्हीं की स्मृति में बिजासन देवी मंदिर मंडली के सदस्यों के द्वारा लगातार 6 वर्षों से 1 जनवरी को खीर प्रसादी का वितरण किया जाता है जिसमें नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक आते हैं और माता रानी के दर्शन कर खीर प्रसादी पाते हैं, खीर वितरण करने में सुंदर सिंह ठाकुर मंदिर के पुजारी राकेश दुबे ,आशीष बाजपेई ,महेंद्र प्रजापति, सुनील अहिरवार, लवलेश दुबे, रवि विश्वकर्मा, राहुल अहिरवार, अभिषेक नेमा, अंकित सोनी, शिवा दुबे ,कमलेश कुशवाहा, अमिताभ तिवारी, लकी शर्मा, अनुराग सोनी के द्वारा खीर वितरण करने में सहयोग किया जाता है।

# विहिप ने शुरू किया परिवार संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

विश्व हिन्दू परिषद के देश व्यापी हिन्दू परिवार संपर्क अभियान का शुभारंभ सोमवार से हो गया है। अभियान के तहत संगठन के कार्यकर्ता विचार परिवार के सदस्यों के साथ ग्राम ग्राम, मोहल्ला मोहल्ला में प्रत्येक हिन्दू परिवार तक जाकर अयोध्या के पूजित अक्षत, प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर हिन्दू समाज से 22 जनवरी को अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने, रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिका जलाने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही अपने पास के किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाईव देखने एवं रामधुन, भजन कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह कर रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता अपने परिवार संपर्क अभियान के दौरान हिन्दू समाज से यह आग्रह कर रहे हैं कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनबरी को अभी अयोध्या न जायें अपने मोहल्ले के मंदिर को ही अयोध्या मानकर पूजन अर्चन भजन कीर्तन इत्यादि करें एवं समारोह के उपरांत अनुकूलता होने पर बारी बारी से अयोध्या जाकर राम लल्ला के दर्शन करें।



### 125 केंद्रों पर एक साथ शुरू हुआ अभियान

संगठन की दृष्टि से गंज बासौदा जिला है जिसमें 10 प्रखंड 125 मंडल और 983 ग्राम आते हैं सोमवार को सभी मंडलों पर अभियान का शुभारंभ हो गया है यह अभियान 15 जनवरी तक चलेगा।

## 13 से 16 फरवरी तक 108 कुंडीय महायज्ञ

**विदिशा।** गायत्री परिवार के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा विदिशा द्वारा 13 से 16 फरवरी के बीच विराट 108 कुंण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विदिशा शहर के अतिरिक्त निकटवर्ती 108 ग्रामों के श्रद्धालुओं को भी आमंत्रित किया गया है। गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ता भाई बहन टोलियां बनाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। घर-घर पहुंचकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

## घने कोहरे ने नववर्ष का किया स्वागत, पारा गिरने से ठंड ने भी पकड़ा जोर

# किसी ने मंदिर में टेका माथा तो किसी ने पर्यटन स्थलों पर पहुंच नए साल की शुरुआत की, धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

साल के पहले दिन लोगों ने खुशी के साथ शुरू किया, वहीं नववर्ष के पहले दिन लोगों ने पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर उत्साह के साथ नए साल का स्वागत किया। इसके साथ ही कुछ लोगों ने नवबर्ष के पहले धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर माथा टेका। इस दौरान पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों पर लोगों की अच्छी खासी तदाद देखी गई, जो सुबह से शाम तक बनी रही।

जिले के बरेली स्थित छींद धाम, भोजपुर शिव मंदिर, सांची का स्तूप, दरगाह शरीफ, रायसेन का किला, भीम बैठिका, सीहोरा धाम पर लोगों का आना जाना लगा रहा। वहीं पर्यटन स्थलों पर पहुंचे लोगों ने बताया कि साल का पहला दिन हम खुलकर इंजॉय करना चाहते है साथ ही भगवान से प्रार्थना करते है कि पूरा साल सभी लोगों का हंसते खेलते हुए निकले।

वहीं नवबर्ष की सुबह कोहरे के आगोश में डूबी रही, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। कोहरा सुबह करीब 10 बजे छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 100 मीटर की रह गई थी। कोहरा छाने के साथ ही ठंड ने भी एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है, जिससे लोग सोमवार को पूरे ठुठरते एवं कांपते हुए नजर आए।





## वाहन खड़े कर जताया विरोध, सरकार के खिलाफ लगाए नारे

# हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़कों पर उतरे ड्रायवर, किया जमकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को शहर के सागर तिराहे पर ड्रायवरों ने नया कानून लागू करने के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ड्राइवरों और पुलिस के बीच नोक-झोक हो गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को रोका गया। पुलिस की समझाइश पर ड्राइवर नहीं माने तो पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए ड्राइवरों को मौके से हटाया। ऐसे में ड्राइवरों के विरोध प्रदर्शन से यात्री परेशान होते नजर आए।

ड्राइवरों का कहना है कि नए कानून में 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जमा करने का प्रावधान है। ऐसे में कई ड्राइवर किराए की गाड़ी लेकर अपने घर का गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास 7 लाख रुपए होते तो किराए से वाहन क्यों चलाते। रायसेन शहर में लगभग 1000 ऑटो है, जिनकी एक यूनियन भी है।

जब लोगों को पता चला कि ट्रक ड्राइवर द्वारा हड़ताल की जा रही है तो लोग पेट्रोल भरवाने बड़ी संख्या में टैंक पर पहुंच गए।



### ड्राइवरों ने मचाया हंगामा, नए कानून का कर रहे हैं विरोध

*सलामतपुर। हिट एंड रन केस को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में भोपाल विदिशा हाइवे 18 सलामतपुर से निकलने वाले हाइवे पर रविवार देर रात ट्रकों के पहिए थम गए। कस्बे में ट्रक ड्राइवरों ने बस स्टैंड से नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को ज्ञापन दिया है।वहीं यात्री बसों के चालकों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है।*

*सलामतपुर हाइवे मार्ग पर जो ट्रक थे, वहां चालकों ने खड़े कर दिए। वहीं कई यात्री बसें भी चालकों ने नहीं चलाईं। नए वर्ष के पहले दिन ट्रक, यात्री बसों समेत स्कूल बसों के पहिए थमे रहें। भोपाल विदिशा यात्री बसें भी बंद रहीं। चालक देशव्यापी हड़ताल का समर्थन कर रहे हैं। कई स्कूलों के ड्रायवर भी अवकाश पर हैं, इसलिए बसों का संचालन नहीं हो रहा है। बता दें कि ड्राइवरों ने हिट एंड रन केस को लेकर लाए गए नए कानून का विरोध किया है। साथ ही कानून को वापस लेने की मांग की है। ट्रकों के ड्राइवर अपने वाहन खड़े करके जा रहे हैं।*

### नए कानून के विरोध में ड्राइवरों ने वाहन खड़े किए, लोग परेशान

*बेगमगंज। हिट एंड रन एक्ट के विरोध में ड्राइवरों ने वाहन खड़े किए, आमजन आवागमन के लिए हो रहे परेशान, वहीं आशंका के चलते पेट्रोल पंपों पर बड़ी भीड़ कई पंपों का पेट्रोल-डीजल का स्टॉक हुआ खत्म दिन भर पंपों पर भीड़ रही। रसोई गैस आपूर्ति ट्रक भी प्रभावित हुए। प्रशासन अपनी तरफ से मैदान में उतरा और डिपो पर भी बात की ताकि टैंकर चल सकें। लेकिन यह मुद्दा शहर, प्रदेश स्तर का नहीं होकर ऑल इंडिया स्तर का है, जिससे दिक्कत हो रही है। इंदौर-भोपाल मार्ग की लंबे रूट पर चलने वाली बसों के नहीं चलने के कारण आवागमन बाधित हुआ। लोकल बसें जो ग्रामीण क्षेत्र में जाती हैं उनकी भी नहीं चलने से आवागमन प्रभावित हुआ है। उक्त कानून के विरोध में ड्राइवर जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं।*

*बता दें कि हाल ही में केंद्र ने हिट एड रंन एक्ट में बदलाव किया है अब इसमें एक्सीडेंट होने की दशा में दो वर्ष की जगह दस साल की सजा का प्रावधान है, थाने से जमानत नहीं होगी, घायल को सात लाख देना होंगे। घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाने पर सजा होगी।*

## ड्राइवरों की हड़ताल के चलते कलेक्टर ने ली बैठक

# कहा- पेट्रोल-डीजल, दूध, सब्जी समेत जरूरी सामग्रियों की बनी रहे आपूर्ति

◆ कलेक्टर ने जिला स्तरीय वीसी में दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ड्रायवरों की हड़ताल के चलते सोमवार को कलेक्टर अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय वीडियो कॉफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने हड़ताल के दृष्टिगत जिले में विपरीत परिस्थितियां निर्मित ना हों, पेट्रोल-डीजल सहित अन्य आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा कानून व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल सहित अन्य सामग्री उपलब्ध है। सभी एसडीएम, पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पेट्रोल टैंक, एलपीजी गैस एजेन्सी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों का निरीक्षण करें जिससे कि जमाखोरी की स्थिति उत्पन्न ना हो और नागरिकों को सुलभता से सामग्री उपलब्ध हो। दूध, सब्जी, फल, किराना आदि की परिवहन व्यवस्था बाधित ना हो। इसी प्रकार स्कूल बसों, एम्बुलेंस आदि जरूरी सेवा वाले वाहनों को पर्याप्त मात्रा में ईधन उपलब्ध हो।

नागरिकों को जागरूक करें कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह की जानकारी मिलने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें।



### यात्री वाहनों को किसी के द्वारा जबरन ना रोका जाए

*पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेट्रोलियम वाहनों का आवागमन प्रभावित ना हो, यह सुनिश्चित करें। यात्री वाहनों, ऑटो, बस आदि को किसी के द्वारा जबरन ना रोका जाए, यह भी सुनिश्चित करें। अपने-अपने क्षेत्रों में सतत पेट्रोलिंग करते रहें और कानून व्यवस्था बनाए रखें। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ, पेट्रोल पम्प तथा गैस एजेन्सी संचालकों सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।*

## ट्रैक्टर व बाइक की हुई भिड़ंत

# भोपाल से लौट रहे दो युवकों की हादसे में मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बीती रविवार की रात करीब 12 बजे एक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से मजदूरी कर वापस अपने घर लौट रहे तीन युवकों की बाइक और ट्रैक्टर में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में मौके पर बाइक सवार तीन में से दो युवकों ने दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसे भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार रायसेन थाना कोतवाली के अंतर्गत भोपाल रोड ग्राम कुशियारी के पास ब्यावरा निवासी अविनाश धानक (21), राजकुमार धानक (25) और विकास धानक (20), मजदूरी कर भोपाल से रविवार रात को वापस अपने घर ब्यावरा जा रहे थे। इसी दौरान रात 12 बजे उनकी बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। जिससे मौके पर अविनाश और राजकुमार ने दम तोड़ दिया, जबकि विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर रायसेन थाना कोतवाली और सैंडोरा चौकी सहित डायल 100 मौके पर पहुंची।

वहीं घायल विकास को जिला अस्पताल पहुंचाया पर गंभीर चोट लगी होने के कारण उसे भोपाल रेफर किया गया है।



## बेगमगंज के सुमेर गांव से लगकर करीब 188 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है एलीवेटेड कॉरीडोर

# इस साल पूरा हो जाएगा एलवीटेड कॉरिडोर का निर्माण, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

◆ कॉरीडोर की स्टेंडर्ड पेनीट्रेशन टेस्टिंग के लिए लिया जा चुका सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

तहसील अंतर्गत बीना बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के तहत मडिया बांध के डूब क्षेत्र में बेगमगंज से सागर की ओर जाने वाला मार्ग का बहुत बड़ा हिस्सा भी डूब में आ रहा है। जिसको लेकर कॉरीडोर का निर्माण तेज गति से चल रहा है, लेकिन निर्माण में अभी तक किसानों की भूमि अधिग्रहण के बावजूद उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया है जो निर्माण कार्य में परेशानी का सवब बना हुआ है।

किसानों ने कई सारे इलाके में फसल उगा रखी है जो निर्माण कार्य में बाधा बन रही है। कॉरीडोर निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए तथा मजबूत हो, आने वाले समय में यह रोड और अधिक महत्वपूर्ण होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्य कराए जाने के निर्देश पूर्व में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा दिए जा चुके हैं। आगामी 35-40 सालों के लिए इस प्रोजेक्ट के माध्यम से यह कॉरीडोर बनाया जा रहा है।

आपको बता दें कि बेगमगंज राहतगढ़ मुख्य मार्ग के चैनेज 83+250 से चैनेज 92+355 में मढ़यिा डेम (बीना डेम इरिगेशन प्रोजेक्ट) के डूब क्षेत्र में 9.105 किमी लम्बाई में एलीवेटेड कॉरीडोर का निर्माण कराया जा रहा है। इसका निर्माण माधव इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड- एमएस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है ।

जिसकी लागत 1 अरब 88 करोड़ 14 लाख रू है। अभी जहां मडिया डैम के डूब क्षेत्र में आने वाले तीस फीसद किसानों को उनकी भूमी का मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है। वहीं कॉरीडोर जिसे ओवरब्रिज भी कहा जाता है, उसके निर्माण क्षेत्र में आने वाली किसानो की भूमि का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। जिसकी वजह से काम पिछड़ रहा है। कॉरिडोर में बनाए जा रहे नो पुलों को एक दूसरे से जोड़ने मार्ग का निर्माण और उसकी ऊंचाई समतल करने का काम भी प्रगति पर है। वर्ष 2024 में इसे पूरा किया जाना है। इस बार बारिश में डेम को पानी से पूरा भरा जाएगा, तब कॉरिडोर का नजारा देखने लायक होगा। कारीडोर के नजारे देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आएंगे कॉरिडोर के दोनों और पानी ही पानी होगा और आसपास के पहाड़ों की मनमोहक छटाएं लोगों को अपनी आकर्षित करेंगी।

वहीं इस संबंध में एसडीएम सौरभ मिश्रा का कहना है कि तहसील के डूब क्षेत्र के प्रभावित किसानों को अधिकतर मुआवजा दिया जा चुका है, जो शेष रह गए हैं उनका डाला जा रहा है।



# सेवानिवृत होने पर नप के सफाई जमादार हरिशंकर को दी विदाई

## नप अध्यक्ष सेवानिवृत कर्मचारी को स्वयं से देगी 12 हजार साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुल्तानपुर

निकाय के सफाई जमादार हरिशंकर बाब्ले 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो गए। उनका विदाई समारोह सोमवार को निकाय में आयोजित किया गया। आयोजित साधारण समारोह में हरिशंकर को तिलक लगाकर शाल श्रीफल देकर विदाई दी गई।

विदाई समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी मीणा द्वारा सेवानिवृत कर्मचारी को पेंशन न मिलने के कारण व्यक्तिगत रूप से 12000 रुपए साल दिये जाने की बात कही। अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि जब तक हमारा कार्यकाल है तब तक में कर्मचारी हरिशंकर बाब्ले को 12000 रुपए प्रति वर्ष घर चलाने के लिए मदद के रूप में दूंगी।



इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा ने कहा कि हमारा कार्यकाल लगभग 18 महीने हो गए इस कार्यकाल में मैने हरिशंकर जी को हमेशा अपने कार्य के प्रति ईमानदार देखा है इस अवसर पर निकाय के अयोध्या प्रसाद श्रीवास्तव, लक्ष्मण गौर, धनराज गौर, श्रीमति अनीता साहू, शब्बीर हसन, संजय रजक, योगेश शर्मा द्वारा अपने अपने विचार रखे गए।

## सांची विश्वविद्यालय के नए भवन का कुलपति ने किया लोकार्पण

# अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हुआ सांची यूनिवर्सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/सलामतपुर

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ व कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के इस भवन में फीता काटकर वैदिक व बौद्ध पूजा पद्धतियों के साथ प्रवेश किया। 120 एकड़ में फैले कैंपस के एक हिस्से में सबसे पहले तैयार हुए मैत्रेयी कन्या छात्रावास में विश्वविद्यालय के अकादमिक व प्रशासनिक कार्यालय को शिफ्ट कर दिया गया। कक्षाएं भी तत्काल इसी इमारत में जाएंगी। फिलहाल लाइब्रेरी व परीक्षा शाखाएं भी इसी इमारत में शिफ्ट की गई हैं।

कुलपति प्रो. लाभ ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को नव निर्मित भवन सांची विश्वविद्यालय को दिए जाने का धन्यवाद ज्ञापित किया। सलामतपुर-सांची स्थित इस परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज़ हॉस्टल, लाइब्रेरी, अकादमिक बिल्डिंग व एडमिन बिल्डिंग तैयार हो रही हैं। ऐसी आशा की जा रही है कि आने वाले 6 महीनों में बाकी इमारतों का हैंडओवर भी सांची विश्वविद्यालय को मिल जाएगा। इसी परिसर में खेल मैदान व अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए रिहायशी इमारतें भी निर्मित होंगी। सलामतपुर परिसर में सांची विश्वविद्यालय के भवनों का निर्माण मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा किया जा रहा है। सांची स्थित एमपीटी गेटवे रिट्रीट के पीछे स्थित भवन में विश्वविद्यालय पिछले दो वर्षों व इससे पूर्व सात वर्षों तक बारला स्थित परिसर से संचालित हो रहा था। भवन के उद्घाटन के बाद कुलपति प्रो. लाभ व कुलसचिव प्रो. चतुर्वेदी ने सभी छात्रों, शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को नव निर्मित भवन में शिफ्ट होने पर बधाई के साथ-साथ नव वर्ष की बधाई दी।

प्रो. लाभ का कहना था कि नए परिसर में विश्वविद्यालय अपनी पूर्ण व्यापकता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगामी अकादमिक सत्र से कई नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करेगा। सांची, रायसेन, विदिशा, भोपाल के छात्र शासकीय दरों पर काफी कम खर्च में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम का लाभ उठा सकेंगे।



